दिन– गुरूवार | दिनांक– 20 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में नालंदा जिले में आठ सौ इक्कीस करोड़ की लागत वाली दो सौ छप्पन योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

02. रेखा गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– बिहार के लोगों को भी मोदी की गारंटी में विश्वास है।

03. निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने जमुई जिले के खैरा अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी आशीष कुमार को साठ हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

04. और, मौसम विभाग ने पश्चिम चंपारण, जमुई और बांका जिले में कुछ स्थानों पर आज मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की आशंका जताई।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में नालंदा जिले में आठ सौ इक्कीस करोड़ की लागत वाली दो सौ छप्पन योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। श्री कुमार ने पंचाने नदी के माध्यम से जिले में सिंचाई सुविधा विकसित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पंचाने नदी का रिवर फ्रंट विकसित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ और हिलसा को ट्रैफिक जाम से मुक्ति के लिए मुख्यमंत्री ने मार्ग चौड़ीकरण तथा बाईपास बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सिलाव प्रखंड के नानंद आदर्श मॉडल गांव में डिजिटल लाइब्रेरी, अमृत सरोवर और पार्क का उद्‌घाटन किया। श्री कुमार ने बिहारशरीफ के मामू भगिना स्थित फिटनेस पार्क का भी उद्‌घाटन किया। उन्होंने जिले के सात प्रखंडों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का लोकार्पण किया।

---

भारतीय जनता पार्टी की विधायक रेखा गुप्ता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में रेखा गुप्ता को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री के साथ छह कैबिनेट मंत्रियों–प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा,

रवींद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी शपथ ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश में दिल्ली की नयी सरकार विकास कार्य को और गति प्रदान करेगी।

---

दिल्ली की मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के अलावा जदयू के कई नेता भी शामिल हुए। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस तरह से दिल्ली के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताया है उसी तरह से आगमी बिहार विधानसभा चुनाव में भी बिहार के मतदाता मोदी की गारंटी में विश्वास जतायेंगे।

———बाइट———

---

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने केंद्रीय बजट दो हजार पच्चीस–छब्बीस को आत्मनिर्भर भारत बनाने वाला बजट बताया है। आज नवादा में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट दो हजार पच्चीस–छब्बीस गरीबों का उत्थान, किसानों की समृद्धि और मध्यम वर्ग के विकास में मददगार होगा।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने आज शिवहर में भाजपा जिला कार्यालय में केंद्रीय बजट– दो हजार पच्चीस–छब्बीस को लेकर प्रेस वार्ता को संबोधित किया। श्री गुप्ता ने कहा कि बजट के माध्यम से केंद्र सरकार ने सबका साथ सबका विकास का संकल्प दोहराया है।

---

बिहार कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी कृष्ण अल्लावरू प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आज पटना पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। श्री अल्लावरू ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जमीन स्तर पर कार्य करना होगा।

---

पूर्णिया में एयरपोर्ट टर्मिनल बनाने का रास्ता साफ हो गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने आज लगभग चौंतीस करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले एयरपोर्ट टर्मिनल भवन के टेंडर को मंजूरी दे दी। इस एयरपोर्ट के बन जाने से सीमांचल क्षेत्र के अलावा कोसी क्षेत्र और नेपाल के लोगों को भी लाभ मिलेगा। एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने चार महीने कें भीतर टर्मिनल भवन का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

---

केंद्र सरकार ने आज एक विशेष गैर–संक्रामक रोग स्क्रीनिंग अभियान की शुरुआत की। अभियान का उद्देश्य तीस वर्ष और उससे ऊपर की आयु के सभी व्यक्तियों की पूरी तरह से स्वास्थ्य स्क्रीनिंग करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आम गैर–संक्रामक रोगों, जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और तीन सामान्य कैंसर– मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करना है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि ये अभियान गैर–संक्रामक रोगों की समय रहते पहचान और उचित उपचार सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखता है। एक रिपोर्ट..

–––रिपोर्ट–––

यह अभियान, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और देश भर में विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर, राष्ट्रीय गैर–संचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत चलाया जायेगा। चालीस दिनों तक चलने वाले, इस अभियान के दौरान, प्रशिक्षित आशा और फ्रंटलाइन कार्यकर्ता, लोगों के घर–घर जाकर, स्क्रीनिंग करेंगे। इस अभियान के दौरान, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये, स्क्रीनिंग, उपचार और फॉलो–अप का डेटा, प्रतिदिन राष्ट्रीय पोर्टल पर, अपलोड किया जाएगा। यह विशेष अभियान एक स्वस्थ और गैर–संचारी रोग मुक्त भारत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य मुहैया करायेगा। दीपेन्द्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने जमुई जिले के खैरा अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी आशीष कुमार को साठ हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर

लिया। निगरानी के डीएसपी राजेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी सिंगारपुर निवासी सुरेन्द्र सिंह से जमीन की जमाबंदी के परिमार्जन के लिए रिश्वत ले रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी को कल निगरानी के न्यायालय में पेश किया जाएगा।

---

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी क्षेत्र अनुसंधान परिसर–आईसीएआर–आरसीईआर का तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह आज से पटना में शुरू हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के विधायक संजीव चौरसिया ने समारोह का उदघाटन किया। श्री चौरसिया ने कहा कि यह संस्थान पूर्वी क्षेत्र के राज्यों के किसानों के लिए वरदान है और इसका पच्चीस वर्ष का सफर काफी उपलब्धियों भरा रहा है।

———बाइट———

समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. अनूप दास ने कहा कि समेकित कृषि मॉडल और जलवायु परिवर्तन से निपटने में सक्षम धान की बारह किस्मों को विकसित कर संस्थान ने कृषि क्षेत्र के लिए कई कार्य किये हैं। उन्होंने बदलते हालात में कृषि को स्मार्ट और तकनीकी रुप से बेहतर बनाने पर जोर दिया।

---

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, पटना के उप महानिदेशक रौशन लाल साहू ने आम लोगों से सर्वेक्षण कार्यक्रमों में बढ़–चढ़ कर भाग लेने की अपील की है। पटना में एन.एस.ओ. के पचहत्तर वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्री साहू ने कहा कि देश के आर्थिक, सामाजिक समेत समग्र विकास के लिए सर्वेक्षण में जुटाए सटीक और वास्तविक आंकड़े अत्यंत सहायक हैं। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के माध्यम से आम लोगों के हित में विभिन्न क्षेत्रों की सटीक जानकारी एकत्र की जाती है।

———बाइट———

श्री साहू ने बताया कि एनएसओ की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस वर्ष अक्टूबर तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सर्वेक्षण में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए रैली का भी आयोजन किया जाएगा।

---

पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। पटना, गया, भोजपुर, बेगूसराय, पूर्णिया, कटिहार, सुपौल समेत विभिन्न जिलों में न्यूनतम पारा सत्रह डिग्री सेल्सियस के आस–पास पहुंच गया है, जो औसत सामान्य तापमान से तीन से चार डिग्री सेल्सियस अधिक है। इधर, मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान मौसम में बदलाव की संभावना है। इस दौरान पश्चिम चंपारण, जमुई और बांका जिले में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात हो सकता है।

———————————————————————

गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने आज समस्तीपुर में कहा कि राज्य सरकार ने गुड़ उद्योग को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बड़ी प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि गुड़ प्रोसेसिंग प्लांट लगाने पर गन्ना उत्पादकों को पचास प्रतिशत सहायता अनुदान दिया जाएगा।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा कोचिंग प्राप्त मेधावी बच्चों ने जेईई मेन्स–वन परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया है। बिहार बोर्ड ने दो हजार तेईस में जेईई और इंजिनियरिंग की तैयारी कराने के लिए बीएसईबी सुपर फिफ्टी की शुरूआत की थी। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि इस बार की परीक्षा में चार छात्रों ने निन्यानवे पर्सेंटाईल या उससे अधिक अंक प्राप्त किया है, जबकि उनतालीस विद्यार्थियों ने नब्बे पर्सेंटाईल या उससे अधिक अंक प्राप्त किया है।

———————————————————————

समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत मधुबनी रेलवे स्टेशन पर दस फरवरी को स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस ट्रेन में तोड़ फोड़ के मामले में रेल प्रशासन ने कानूनी कार्रवाई शुरु कर दी है। आरपीएफ ने तकनीकी साक्ष्यों और स्रोतों के आधार पर जांच शुरू की है, जिसके परिणाम स्वरूप एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ आरपीएफ पोस्ट, दरभंगा में विभिन्न रेल अधिनियमों के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

———————————————————————

पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि चौबीस फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भागलपुर में आयोजित सभा ऐतिहासिक होगी। बेगूसराय में आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री हुसैन ने कहा कि वे लोगों को प्रधानमंत्री की सभा में शामिल होने के लिए न्योता दे रहे हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में नालंदा जिले में आठ सौ इक्कीस करोड़ की लागत वाली दो सौ छप्पन योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

02. रेखा गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– बिहार के लोगों को भी मोदी की गारंटी में विश्वास है।

03. निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने जमुई जिले के खैरा अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी आशीष कुमार को साठ हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

04. और, मौसम विभाग ने पश्चिम चंपारण, जमुई और बांका जिले में कुछ स्थानों पर आज मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की आशंका जताई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।